RU-41-02H-0090-010523/FACTSHEET

Research Unit
Press Information Bureau
Ministry of Information and Broadcasting
Government of India

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सफलतापूर्वक सात वर्ष

***एलपीजी कवरेज में जबरदस्त उछाल: 2016 में 62% से बढ़कर 2023 में 105.4% हुई***

**9.59 करोड़ मुक्त एलपीजी कनेक्शन वितरित**

(पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय)

1 मई, 2023

## लाँच

प्रधानमन्त्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) की शुरुआत भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 01.05.2016 की गई थी। 10 अगस्त, 2021 को उज्ज्वला 2.0 का शुभारम्भ किया गया।




## लक्ष्य

उज्ज्वला योजना का मुख्य उद्देश्य भारत में रसोईघर में प्रयोग किये जाने वाले स्वच्छ (एल.पी.जी) ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देते हुए महिलाओं और बच्चों क़े स्वास्थय की रक्षा करना।

## योजना

इस योजना क़े तहत प्रत्येक पात्र परिवार को मुफ्त एल.पी.जी कनेक्शन सहित गैस चूल्हा, उपभोक्ता कार्ड, स्थापना शुल्क व रेगुलेटर इत्यादि क़े लिए 16,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

## लक्ष्य

इस योजना का प्रारंभिक लक्ष्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बीपीएल परिवारों की 5 करोड़ महिला सदस्यों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करना था। योजना क़े सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए इसके लक्ष्य को **8 करोड़ कनेक्शन** विस्तारित किया गया. निर्धारित समय से सात माह पूर्व सितंबर 2019, में इस लक्ष्य को हासिल कर लिया गया ।

उज्जवला योजना के प्रारम्भिक लक्ष्य को पूरा करने के बाद भारत सरकार ने देश के अन्य पात्र परिवारों को इसका लाभ पहुंचने के लिए **उज्ज्वला 2.0** का शुभारम्भ किया ।

**उज्ज्वला 2.0 के** तहत **बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदनों के आधार पर**, 60 **लाख और कनेक्शन प्रदान करने का फैसला लिया ।**

## उपलब्धियों


- पीएमयूवाई के तहत 1 मार्च, 2023 तक कुल **9.59 करोड़ कनेक्शन प्रदान किये गए** [1]
- सक्रिय घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या **अप्रैल 2014 में 14.52 करोड़ से बढ़कर मार्च 2023 तक 31.36 करोड़ हुई** [2].







- 24 मार्च, 2023 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों के लिए **14.2 किलो के सिलेंडर पर प्रति वर्ष 12 रिफिल तक के लिए 200 रुपये की सब्सिडी** को मंजूरी दी।




[1] पत्र सूचना कार्यालय (pib.gov.in)

[2] पत्र सूचना कार्यालय (pib.gov.in)

- **प्रधान मंत्री गरीब कल्याण पैकेज के तहत,** कोविड-19 के दौरान पीएमयूवाई लाभार्थियों को **14 करोड़ से अधिक मुफ्त एलपीजी रिफिल** प्रदान की गयी।


- **गिव-इट-अप पहल** के तहत **एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने खुद एलपीजी पर सब्सिडी छोड़ी**, जिसका फायदा जरूरतमंद लोगों को मिला।

## योजना की वैश्विक मान्यता

- **अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी** ने इसे महिलाओं के स्वास्थ्य और पर्यावरण सुधार के लिए **एक "प्रमुख उपलब्धि"** बताया है।
- **डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट (2018)** में कहा गया है कि उज्ज्वला योजना ने गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली 37 मिलियन महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए हैं ताकि उन्हें स्वच्छ घरेलू ऊर्जा के उपयोग में मदद मिल सके।

## पीएमयूवाई के तहत अधिकतम कनेक्शन वाले शीर्ष राज्य

सभी एलपीजी कनेक्शन गरीब परिवार की वयस्क महिला के नाम पर जारी किए गए हैं। **उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान** राज्यों में महिलाएं पीएमयूवाई की सबसे बड़ी लाभार्थी रही हैं। राज्यवार लाभार्थियों के पूर्ण डेटा के लिए यहाँ क्लिक करें[3] ।




[3] https://www.pmuy.gov.in/login.aspx

**संदर्भ:**


- https://www.pmuy.gov.in/login.aspx
- https://static.pib.gov.in/WriteReadData/specificdocs/documents/2023/apr/doc2023424185701.pdf
- पत्र सूचना कार्यालय (pib.gov.in)
- पत्र सूचना कार्यालय (pib.gov.in)
- https://www.ibef.org/government-schemes/pradhan-mantri-ujjwala-yojana


**NR/HP/RC/MZ/MK/IS/JA**